IIM: ह्यूमन लाइब्रेरी शुरू, एक-दूसरे के अनुभव का लाभ उठा सकेंगे स्टूडेंट्स

रांची | आईआईएम रांची में ह्यूमन लाइब्रेरी शुरू हुई है। यह आम लाइब्रेरी से अलग है। इसमें किताबों के बजाय एक व्यक्ति को किताब के रूप में चुनकर, उससे बातचीत कर, उसके अनुभवों से काफी कुछ सीखने का अवसर मिलता है। यह एक पारंपरिक पुस्तकालय के विचार पर आधारित है। संस्थान के निदेशक प्रो. दीपक कुमार ने बताया कि दूसरे देशों में यह तकनीक काफी लोकप्रिय है। लाइब्रेरियन डॉ. जयंत त्रिपाठी ने बताया कि आईआईएम रांची द्वारा ह्यूमन लाइब्रेरी का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा।

Dainik Bhaskar_21.12.2022_Pg. 3